## महत्वपूर्ण एवं खास

### कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने की राजस्व एवं आबकारी प्रकरणों की सुनवाई

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा ऑलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट के न्यायालय कक्ष में राजस्व एवं आबकारी के 22 प्रकरणों की सोमवार को सुनवाई की। जिन प्रकरणों की सुनवाई की गई उनमें ग्राम सिंघनपुर, लेन्धरजोरी, भराली, गौरडीह, मौहापाली, खरवानी, रेड़ा, छेवारीपाली, कोसीर, परसदा बड़े, लोधिया, चंदई, साल्हेओना, बोंदा, बटापाली, सलौनीकला, परसाडीह, गाड़ापाली सहित सरसींवा और सारंगढ़ के प्रकरण शामिल है।

### 8 से 9 डिग्री गिरा पारा, गर्मी के मौसम में मानसून जैसी स्थिति

**रायपुर (आरएनएस)।** बेमौसम बारिश की वजह से देश के कई हिस्सों में मौसम ने करवट ले ली है. छत्तीसगढ़ में भी पश्चिमी द्रोणिका का असर दिख रहा है. गर्मी के मौसम में मानसून जैसा हाल हो गया है। जिसके चलते राजधानी रायपुर में पारा एक झटके में 8 से 9 डिग्री नीचे उतर आया है. वहीं दूसरी ओर रबी की फसल के साथ-साथ खेतों में उगाई गई सब्जियों को नुकसान पहुंचा है. मौसम विभाग के मुताबिक 23 तारीख तक यही स्थिति रहने की संभावना जताई जा रही है. सोमवार को भी प्रदेश के कई जगहों पर तेज बारिश समेत अधड़ चलने की संभावना है. प्रदेश के कई हिस्सों में ओलावृष्टि और तेज हवाएं चल रही है. कई क्षेत्रों में तेज बारिश भी हो रही है. बीजापुर में अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं रायपुर में 28 डिग्री अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है।

### कार अनियंत्रित होकर पलटी, 4 घायल

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिले में हुए सडक़ हादसे में 4 लोग घायल हुए हैं। वे सभी कार में सवार होकर कोरबा से अंबिकापुर की ओर जा रहे थे। तभी रास्ते में उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक शख्स की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसा बांगो थाना क्षेत्र में हुआ है। जानकारी के मुताबिक कार में सवार होकर कुछ लोग अंबिकापुर की ओर जा रहे थे। वो अभी बिलासपुर.अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोरगा बांसबाड़ी के पास पहुंचे थे। उसी वक्त गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद आस-पास के लोग मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनका उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। जिसके चलते यह हादसा हुआ है।

### ट्रेन में सामान सप्लाई करने वाला वर्कर ड्रग्स के साथ गिरफ्तार

**बिलासपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ से चलने वाली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन में खाना और सामान सप्लाई का कार्य करने वाली कंपनी के कर्मचारी को तारबाहरा पुलिस और एसीसीयू की टीम ने ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से 5.93 ग्राम मेथममेटाफाइन ड्रग जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तारबाहर पुलिस व एसीसीयू की टीम को मुखबिर से सूचना मिली की राजधानी एक्सप्रेस में ट्रेन का अटेंडर ड्रग्स की सप्लाई करता है। पुलिस ने जब जांच की तो ट्रेन अटेंडर के कब्जे से 5.93 ग्राम मेथममेटाफाइन ड्रग जब्त किया गया। अटेंडर ने ड्रग्स को 6 प्लास्टिक जिपर पैकेट में रखा था। ज़ब्त ड्रग्स की कीमत करीब 91 हजार 5 सौ रुपए आंकी गई है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी युवक ने अपना नाम ओमकुमार जाटव निवास दिल्ली बताया। आरोपी ने बताया कि वह कंपनी के अंतर्गत ट्रेन में टैंडर बेसिस पर साफ-सफाई, खाना और सामान सप्लाई का कार्य करता है।

# जनचौपाल में प्राप्त आवेदनों का करें त्वरित निराकरण, अनावश्यक विलंब पर संबंधित के विरूद्ध होगी कार्यवाही -कलेक्टर सिन्हा

- स्कूल जीर्णोद्धार के लिए 129 करोड़ रुपये स्वीकृत, कलेक्टर ने कहा गुणवत्ता के साथ हो स्कूलों में काम
- केसीसी निर्माण के कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश
- अंत्यावसायी अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का करें ऋण स्वीकृत
- कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेते हुए विभागवार विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कलेक्टर सिन्हा ने कलेक्टर जनचौपाल में आने वाली मांगों व समस्याओं के संबंध में कहा कि दूर-दराज से लोग अपनी छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय तक आते है, जिनमें से अधिकतर मामलों का स्थानीय स्तर पर निराकरण किया जा सकता है। यह अच्छी बात नहीं है, सभी अधिकारी अपने क्षेत्र के लोगों की इन समस्याओं का त्वरित निराकरण करें। इसके लिए जरूरी है कि वे दिन और समय निर्धारित कर अपने कार्यालय में उपस्थित रहे। जिससे आने वाले लोग बिना किसी समस्या के आपसे मिलकर अपनी बात रख सके। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का निराकरण करना हमारी प्राथमिकता है। इसलिए सभी जिला स्तरीय अधिकारी पूरी पारदर्शिता के साथ प्राप्त आवेदनों के प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने सभी अधिकारी को हर सोमवार को अपने कार्यालय में अनिवार्य रूप से बैठने के निर्देश दिए, ताकि मिलने आये आवेदक को परेशानी न हो।

बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि राज्य शासन द्वारा स्कूलों के जीर्णोद्धार हेतु पूरे प्रदेश में सर्वाधिक लगभग 129 करोड़ की राशि रायगढ़ जिले के लिए जारी किया गया है। यह स्कूलों के जीर्णोद्धार हेतु एक सुनहरा अवसर है। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि शिक्षा सत्र की शुरूआत के पूर्व ही जिले के सभी स्कूलों में मरम्मत का कार्य पूरा करना है। स्कूलों में मरम्मत के काम समय-सीमा में गुणवत्ता व पूरी पारदर्शिता के साथ करें। इस कार्य में अगर कही भी लापरवाही मिली तो संबंधित ठेकेदार एवं जिम्मेदार अधिकारी के ऊपर कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा जीर्णोद्धार पश्चात स्कूलों में रंग-रोगन का कार्य भी होना है, जिसके लिए सिर्फ गोबर पेन्ट का उपयोग करें।

कलेक्टर सिन्हा ने जिले में बनाये जा रहे केसीसी निर्माण के संबंध में जानकारी ली एवं इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों को इसका लाभ मिल सके। ज्ञात हो कि किसानों को कृषि कार्यों के लिए ऋण की आवश्यकता होती है। इसे देखते हुए राज्य शासन की ओर से किसान क्रेडिट कार्ड धारकों को सहकारी बैंक से अधिकांश मामलों में ब्याज मुक्त व कम ब्याज पर सस्ता ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए पशुपालन, मछली पालन, उद्यानिकी सहित संबंधित विभाग इस कार्य को रूचि लेते हुए प्राथमिकता से करें। कलेक्टर सिन्हा ने आयुष्मान कार्ड कि प्रगति की जानकारी ली, उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को छूटे हुए आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों की सूची बनाकर मितानिन एवं पंचायत स्तर पर प्रदान करने को कहा। जिससे प्रत्येक हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा सके।

कलेक्टर सिन्हा ने अंत्यावसायी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी पात्र हितग्राहियों को ऋण स्वीकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के छोटे-छोटे प्रकरणों को विशेष प्राथमिकता देते हुए उसका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना के अंतर्गत कार्यो के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने के लिए सभी जिला अधिकारियों को अधिक से अधिक प्रकरण तैयार करने तथा बैंक एवं वितरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए अविवादित, विवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, आदि प्रकरणों के प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को उनके लंबित प्रकरण को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने सामुदायिक वन अधिकार पट्टा के संबंध में जानकारी ली एवं अधिक से अधिक प्रकरण बनाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने राजीव गांधी कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना में लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी भी ली। बैठक के दौरान उन्होंने जिला रोजगार अधिकारी से लाईवलीहुड कालेज, रोजगार मेला एवं बेरोजगारी भत्ता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निगम आयुक्त से अवैध प्लाटिंग एवं धन्वंतरि मेडिकल स्टोर के संबंध में जानकारी ली।

## कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने बरमकेला के रीपा गौठानों का किया निरीक्षण

- निर्माण कार्यों को 25 मार्च के पहले पूर्ण करने के निर्देश

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी द्वारा जिले के गौठानों के निरीक्षण के क्रम में आज बरमकेला विकासखण्ड के रीपा गौठानों का निरीक्षण किया गया। बरमकेला के सहजपाली एवं कंडोला स्थित गौठानों को रीपा गौठान हेतु चयनित किया गया है। बरमकेला के सहजपाली गौठान में शेड निर्माण किया जा रहा है जिसमें क्रमशः थैला(कैरी बैग) एवं मछली पालन का कार्य प्रस्तावित है। कंडोला गौठान में थैला(कैरी बेग), पेवर ब्लॉक और सीमेंट पोल हेतु शेड निर्माण का कार्य प्रस्तावित है। कलेक्टर ने आगामी 25 मार्च के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए शेष कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। 25 मार्च को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा रीपा के कार्यों का वर्चुवल शुभारंभ किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि कलेक्टर डॉ सिद्दीकी द्वारा लगातार शासन की फ्लैगशिप योजनाओं पर प्राथमिकता से कार्य करने हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है एवं कार्यों का नियमित अपडेट लिया जा रहा है। जिले में रीपा योजना अंतर्गत सभी जनपदों में निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इन्हीं कार्यों के निरीक्षण हेतु आज कलेक्टर जिले के रीपा गौठानों के दौरे पर रहीं। इस अवसर पर सारंगढ़ एसडीएम मोनिका वर्मा, बरमकेला सीईओ नीलाराम पटेल, संबंधित ग्रामीण विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी एवं गौठान समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना' के अंतर्गत सभी जिलों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों के चयनित गौठानों को आजीविका के केन्द्र के रूप में विकसित करने की कवायद जारी है। गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट, मुर्गी पालन, बकरी पालन, कृषि उत्पादों और वनोपजों के प्रसंस्करण एवं ग्रामोद्योग संबंधी कार्य किये जाने हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूह की महिलाओं और ग्रामीण युवाओं को रोजगार और आय के अवसर प्रदान करने की सरकार की मंशा है।

## कलेक्टर के नेतृत्व में रिमझिम बारिश में भी हुई विशेष सफाई अभियान

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** स्वच्छता के प्रति अपनी सामाजिक दायित्व को प्रोत्साहित करने के लिए कलेक्टर डॉ. फरिहा ऑलम सिद्दीकी के नेतृत्व में आज प्रातः 7 बजे भारत माता चौक से बस स्टैंड परिसर तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने राजेन्द्र होटल के संचालक को होटल के कचरे को निर्धारित स्थानों में फेंकने और होटल सहित बस स्टैंड को स्वच्छ रखने के लिए कहा। सफाई अभियान में जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण, सम्मानीनय नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारी, नगरपालिका सारंगढ़ के सफाई कर्मचारियों ने सड़क को झाड़ू से साफ किया। वहीं सफाई कर्मचारियों ने कचरे से बंद हो गई नाली के कचरे को साफ किया। 'स्वच्छ सारंगढ़' की थीम पर सामूहिक विशेष सफाई अभियान संपन्न हुई। इस अभियान में पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, संयुक्त कलेक्टर भागवत जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े, एसडीएम सारंगढ़ मोनिका वर्मा, एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सारंगढ़ मनीष गायकवाड़, सीएमएचओ डॉ. एफ.आर. निराला, जिला श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष यशवंत सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार भरत अग्रवाल, दीपक थवाईत, समाजसेवी सतीश यादव आदि शामिल थे।

## बलवा और हत्या के प्रयास मामले के फरार 2 आरोपी गिरफ्तार, कोतवाली पुलिस ने भेजा रिमांड पर

- होली के दिन जोगीडीपा और बापू नगर के युवकों के बीच हुआ था झगड़ा मारपीट

**रायगढ़।** होली के दिन जोगीडिपा और बापू नगर के युवकों के बीच नाचने-गाने के बीच झगड़ा मारपीट को लेकर दोनों पक्षों के विरूद्ध बलवा और हत्या का प्रयास का काउंटर मामला दर्ज किया गया है। मारपीट के आरोपी गिरफ्तारी से बचने फरार हैं। घटना को लेकर गवाहों ने बताया कि होली के दोपहर दोनों मोहल्ले के 10-15 लड़के एक दूसरे पर डंडा ,राड, पत्थर से प्राण घातक हमला कर कर चोट पहुंचाये हैं। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये स्टाफ और मुखबिर लगाकर रखा गया है। 11 मार्च को मामले के एक आरोपी रूपेंद्र सारथी पिता स्वर्गीय अमृत सारथी उम्र 27 साल निवासी जोगीडीपा थाना कोतवाली रायगढ़ को कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

घटना के बाद से फरार आरोपियों की कोतवाली पुलिस सरगर्मी से पता तलाश कर रही थी कल मुखबीर सूचना पर अपराध के नामजद आरोपी (1) यशराज सारथी उर्फ रज्जू पिता भरत लाल सारथी उम्र 22 साल (2) दुर्गेश सारथी पिता राजेश सारथी उम्र 19 साल दोनों निवासी जोगीडीपा थाना कोतवाली रायगढ़ को केवडाबाड़ी बस स्टैण्ड के पास घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया जिन्हें कोतवाली पुलिस द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त डंडा जप्त किया गया है, शेष फरार आरोपियों की कोतवाली पुलिस सघन पतासाजी कर रही है।

## चेट्री चन्ड्र (चैतीचांद) महोत्सव और शिवसेना की शोभायात्रा को लेकर प्रशासन व पुलिस अधिकारियों के साथ आयोजन समिति और समाज प्रमुखों की हुई बैठक

**रायगढ़।** जिले में 23 मार्च 2023 गुरुवार को चेट्री चन्ड्र (चैतीचांद) महोत्सव तथा रामनवमी की पूर्व संध्या 29 मार्च को शिवसेना द्वारा निकाले जाने वाले शोभायात्रा में सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर आज एसडीएम कार्यालय रायगढ़ में एसडीएम गगन शर्मा तथा सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय द्वारा आयोजन समिति एवं समाज प्रमुखों के साथ बैठक किया गया। बैठक में आयोजन समिति से महोत्सव को लेकर अधिकारियों ने चर्चा कर चैतीचांद महोत्सव तथा शिवसेना की शोभायात्रा जुलूस के रूट और बाइक रैली की जानकारी लिये।



झूलेलाल सेवा मंडली के सदस्यों ने बताया कि 20 मार्च से 23 मार्च तक रात्रि 8:00 से 10:00 तक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं धार्मिक भजन संध्या का आयोजन झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी पक्की खोली चक्रधरनगर में किया जा रहा है। 23 मार्च को शाम 4:00 बजे से झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी पक्की खोली चक्रधरनगर से शोभायात्रा निकलकर सिंधी कॉलोनी, कच्ची खोली बीएसएनएल के सामने होते केलो नदी में पूजा अर्चना किया जावेगा। एसडीएम गगन शर्मा द्वारा आयोजन समिति को आश्वस्त किया भगवान झूलेलाल की शोभा यात्रा एवं शिवसेना की चुनरी रैली, शोभायात्रा निर्विघ्न रूप से संपन्न हो इसके लिए प्रशासन व पुलिस की पूरी तैयारी है। सुरक्षा व अन्य व्यवस्था को लेकर जुलूस के रूट को निरीक्षण अधिकारियों द्वारा किया गया है, जहां सुधार की आवश्यकता है संबंधित विभागों को व्यवस्था दुरुस्त कराने निर्देश दिया गया है। आयोजन समिति एवं सिंधी समाज प्रमुखों को अधिकारियों द्वारा चैतीचांद महोत्सव तथा रामनवमी शहर में हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने की अपील कर बाइक व चुनरी रैली में सुरक्षा का ध्यान दिये निकाले की सलाह दी गई है। सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय बताये कि पूरे रामनवमी दौरान शहर में पुलिस की पेट्रोलिंग व फिक्स पांइट ड्यूटी में लगे स्टाफ अलर्ट पर हैं, सादी वर्दी में महिला स्टाफ को मार्केट एरिया में पेट्रोंलिग पर तैनात किया गया है।

## कोरचोली मुठभेड़ में 1 महिला नक्सली ढेर, हथियार व नक्सल सामग्री बरामद

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के थाना गंगालूर क्षेत्र अंतर्गत कोरचोली के जंगल में सुबह लगभग 6:30 बजे डीआरजी, एसटीएफ की संयुक्त टीम के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई है। मुठभेढ़ में 01 वर्दीधारी महिला नक्सली को ढेर कर दिया है। मौके पर सर्चिंग के दौरान 01 नग 12 बोर रायफल, राउण्ड, पिटठू बैग, वर्दी, नक्सली साहित्य एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया। मारी गई महिला नक्सली की पहचान नही हुई है, मुठभेढ़ में और भी नक्सलियों के घायल होने की संभावना है।

एएसपी चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि नक्सलियों की कंपनी नंबर 02 के नक्सली कमांडर वेल्ला एवं गंगालूर एरिया कमेटी के नक्सली एसीएम दिनेश सहित कई नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षा बलों की टीम रवाना हुई थी। जंगली पहाड़ी में सुरक्षा बलों को देख नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों की जवाबी कार्रवाई में नक्सली अपने को कमजोर पड़ता देख भाग क्षड़े हुए। मुठभेड़ के बाद सर्चिंग में महिला नक्सली का शव बरामद किया गया है, साथ ही 01 नग 12 बोर रायफल, राउण्ड, पिटठू बैग, वर्दी, नक्सली साहित्य एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया है।

### एक लाख का ईनामी नक्सली गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत डीआरजी और 111वीं वाहिनी ई कंपनी सीआरपीएफ कैंप समेली का संयुक्त बल नक्सल गश्त सर्चिंग के लिए थाना अरनपुर के ग्राम रेवाली और बुरगुम जंगल पहाड़ी की ओर रवाना हुआ था। ग्राम बुरगुम के जंगल घेराबंदी कर एक लाख के ईनामी नक्सली सोना उर्फ हुंगा मरकाम निवासी थाना अरनपुर के बुरगुम मेटागुड़ेम को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली सोना उर्फ हुंगा मरकाम से पूछताछ में बुरगुम पंचायत जनताना सरकार अध्यक्ष के पद पर कार्य करना बताया। गिरफ्तार नक्सली खिलाफ थाना अरनपुर में कई धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं, जिसमें थाना अरनपुर में पूर्व से (1) अप.क्रं. 07/2016 धारा 147, 148, 149, 307 भादवि0, 25, 27 आर्म्स एक्ट, 4, 5 विपअधि. (2) अप. क्र.09/2016 धारा 147, 148, 149, 307 भादवि., 25, 27 आर्म्स एक्ट, 4, 5 विपअधि., (3) अप.क्रं. 07/2019 धारा 147, 148, 149, 307 भादवि. 25 आर्म्स एक्ट, 3, 5 विपअधि. (4) अप.क्रं. 03/2020 धारा 302, 364, 147, 148, 149, 294, 323, 506 भादवि., 25 आर्म्स एक्ट, 4, 5 विपअधि., 13, 23, 38(2) 39 (2) विविक्रिनिअधि. व अन्य धाराओं पंजीबद्ध होने पर आज मंगलवार को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## चैत्र नवरात्रि आज से... हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा एवं चेट्रीचण्ड्र उत्सव धूमधाम से मनाएंगे श्रद्धालु

- इस बार 9 दिन की होगी नवरात्रि, दशमी तिथि पर होगा पारणा

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि जिसे वासंतीय नवरात्र भी कहा जाता है, 22 मार्च से शुरू हो रही है। उक्त तिथि पर ही हिन्दू नववर्ष 9 संवत्सर 2080 की शुरूआत होगी। गुड़ी पड़वा के साथ ही श्रद्धालु संत झूलेलाल का महोत्सव चेट्रीचण्ड्र धूमधाम से मनाएंगे। शहर के पुराने मंदिरों में महामाया मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, कंकाली मंदिर, शीतला मंदिर, काली मंदिर, दुर्गा मंदिर सहित प्रदेशभर माता देवालयों में नवरात्रि के अवसर पर भक्तों द्वारा धूमधाम से माता का जगराता एवं पर्व का आयोजन किया जाएगा। महामाया मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित मनोज शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष माता का आगमन नौका पर हो रहा है एवं बिदाई हाथी पर होगी। उक्त संकेत इस वर्ष अच्छी वर्षा होने का संकेत दे रहे हैं। हमारे 28 जिलों के संवाददाताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि नवरात्रि के अवसर पर प्रदेशभर में माता देवालयों में पंचमी, सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी तिथि के अवसर पर कन्या भोज का आयोजन किया गया है। इस वर्ष नवरात्रि पूरे 9 दिन की होगी। दशमी तिथि 31 मार्च को नवरात्रि के उपासक अपने व्रत का माता का प्रसाद खाकर पारणा करेंगे। दुर्ग संभाग के प्रशासनिक अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां बमलेश्वरी के दरबार जाने वाले पदयात्रियों के लिए जगह-जगह पर शामियाना एवं चिकित्सा के प्राथमिक उपचार के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, वहीं कुम्हारी, पावर हाऊस, दुर्ग, अंजोरा बाईपास, सोमनी, राजनांदगांव, बसंतपुर, मोतीपुर, लिटिया मार्ग पर स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा विशाल भंडारों का आयोजन किया गया है। नवरात्रि के अवसर पर माता देवालयों में विशेषकर मां बमलेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़, दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा, महामाया मंदिर रतनपुर-अम्बिकापुर एवं चन्द्राहासिनी मंदिर चन्द्रपुर में भक्तों की कतारबद्ध माता के दर्शन की व्यवस्था के लिए मंदिर समिति द्वारा स्वयं सेवकों को प्रति श्रद्धालु दर्शन के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया गया है।




**मां दंतेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्र में 3500 से अधिक दीप होगे प्रज्वलित-** चैत्र नवरात्र को लेकर बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर में तैयारी शुरू हो गई हैं। इस बार मां दंतेश्वरी मंदिर में 3500 से भी अधिक दीप प्रज्वलित किये जायेंगे। टेंपल कमेटी के द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। माता के दर्शन और मनोकामना दीप प्रज्वलित करने श्रद्धालुओं के द्वारा आन लाइन-आफ लाईन रशीद कटवाई जा रही हैं। इस बार भी देश के कोने कोने से भक्तों द्वारा मनोकामन दीप जलाये जा रहे हैं। साथ ही सात समंदर पार से भी मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा में दीप प्रज्वलित करने भक्तो द्वारा आन लाइन बुकिंग किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU